एक नजर में

राहुल गांधी की गिरफ्तारी पर भड़का कांग्रेस का गुस्सा

गुना। दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को हिरासत में लेने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश मंगलवार रात सड़कों पर फूट पड़ा। शहर के व्यस्त हनुमान चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार का पुतला फूंका और इस कार्रवाई को पूरी तरह राजनीतिक द्वेष से प्रेरित करार दिया। प्रदर्शन के दौरान माहौल उस वक्त गरमा गया जब कार्यकर्ताओं ने पुतले में आग लगाई और पुलिस उसे बुझाने के लिए पानी डालने का प्रयास करने लगी। आग बुझाने की इस मशक्कत के बीच पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्का-मुक्की और झूमाझटकी हुई, जिसके कारण कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने की इस कार्रवाई को तानाशाही करार दिया। उन्होंने तीखे तेवर दिखाते हुए चेतावनी दी कि जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देंगे, तब तक कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। उन्होने साफ कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा।

ताली बजाने से नहीं चलेगा काम, आदेश का पालन करना होगा

डिप्टी कलेक्टर और पटवारियों की तीखी बहस के बीच कलेक्ट्रेट में गूंजा आक्रोश

निलंबन के विरोध में ज्ञापन देने पहुंचे और कलेक्ट्रेट में ही धरने पर बैठ गए पटवारी

नवभारत न्यूज

गुना 7 अक्टू. का। जिले में 'स्वामित्व योजना' के विरोध को लेकर प्रशासनिक अमले और पटवारियों के बीच का टकराव अब खुलकर सड़क पर आ गया है। जिला प्रशासन द्वारा चार पटवारियों को निलंबित किए जाने और कई अन्य को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के बाद बुधवार को पटवारियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे पटवारियों ने परिसर में ही डेरा डालकर जमकर नारेबाजी की और निलंबन की कार्रवाई को तुरंत वापस लेने की मांग की। इस दौरान माहौल उस समय बेहद गरमा गया जब डिप्टी कलेक्टर और पटवारियों के बीच तीखी बहसबाजी हुई।

नाराज पटवारी संघ के पदाधिकारी अपना ज्ञापन किसी अन्य अधिकारी को देने के बजाय सीधे कलेक्टर से मिलने की जिद पर अड़े रहे और धरने पर बैठ गए। इसी दौरान मौके पर पहुंचे डिप्टी कलेक्टर दिव्यांशु शिवहरे ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे पांच लोगों के प्रतिनिधिमंडल को कलेक्टर से मिलवा सकते हैं, लेकिन अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बहस के दौरान डिप्टी कलेक्टर ने दो टूक लहजे में कहा कि गुना जिले में अन्य जिलों की तुलना में सबसे बाद में पटवारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जैसी कार्रवाई प्रदेश के बाकी जिलों में हो रही है, वैसी ही यहाँ भी की जाएगी।

...तो सबको ही सस्पेंड कर दो

कुछ पटवारी जब इस कदर आक्रोशित हो गए कि उन्होंने व्यंग्य में यहां तक कह दिया कि सभी पटवारियों को ही निलंबित कर दिया जाए, तो डिप्टी कलेक्टर ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए खरी-खोटी सुनाई।

उन्होंने समझाइश देते हुए कहा कि शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करना हर कर्मचारी की जिम्मेदारी है, इसलिए यह कार्रवाई पूरी तरह सही है। उन्होंने दो टूक कहा, कर्मचारियों की तरह व्यवहार करना होगा, सिर्फ तालियां बजाने और नारेबाजी करने से कुछ नहीं होगा।

सामूहिक अवकाश की चेतावनी

पटवारियों का आरोप है कि निलंबन की इस पूरी कार्रवाई में नियत प्रशासनिक प्रक्रिया का ध्यान नहीं रखा गया है। प्रदर्शन के दौरान चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही निलंबन आदेश वापस नहीं लिए गए, तो जिले के सभी पटवारी तीन दिन के सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे। इसके बाद भी बात न बनने पर अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल की चेतावनी दी गई है। पटवारियों का तर्क है कि वे 'स्वामित्व योजना' के तहत अपने आपको विक्रेता बनाए जाने के प्रावधान का शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज करा रहे थे, जिसे प्रशासन ने तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाते हुए कुचलने का प्रयास किया है। फिलहाल कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहे इस गतिरोध के बाद प्रशासनिक हलकों में सरगर्मी तेज हो गई है और स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

15 बसों की जांच में 5 पर जुर्माना

गुना। परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में आरटीओ विभाग की टीम ने गुना शहर में कार्रवाई करते हुए कुल 15 बसों की सघन जांच की। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाली 5 बसों पर कार्रवाई करते हुए कुल 4500 रुपये के चालान बनाए गए। जांच में सामने आया कि कई बसों में तैनात स्टाफ बिना निर्धारित वर्दी के ड्यूटी कर रहा था। इसके अलावा बसों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) और फर्स्ट एड बॉक्स (प्राथमिक उपचार पेटी) तक उपलब्ध नहीं थे। साथ ही कुछ वाहनों के नंबर प्लेट भी स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहे थे, जिस पर विभाग ने सख्त रुख अपनाया। कार्रवाई के दौरान एक बस ऐसी पाई गई जो पूरी तरह से बिना वैध परमिट और बीमा के संचालित हो रही थी। विभाग ने इस बस को तत्काल जब्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़ा करवा दिया है। इस वाहन पर नियमों के उल्लंघन को लेकर अनुमानित 67 हजार रुपये तक का भारी जुमार्ना लग सकता है। कार्रवाई में परिवहन प्रधान आरक्षक केके द्विवेदी, परिवहन आरक्षक हेमंत रघुवंशी, ध्रुव कुमार मीणा, सैनिक इस्तकार अहमद और आरटीओ कार्यालय से सुशील भार्गव व विवेक दुबे सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

साइबर ठगी : पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 12 लोगों के बैंक खातों में वापस कराए 1.77 लाख

नवभारत न्यूज

गुना। ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर ठगी के मामलों में गुना पुलिस लगातार सख्त और त्वरित कार्रवाई कर रही है। पुलिस की प्रभावी तकनीकी कार्यप्रणाली और बैंकिंग संस्थानों के साथ बेहतर समन्वय के परिणामस्वरूप साइबर ठगी के 12 पीड़ितों के फंसे हुए 1,77,402 रुपये सकुशल वापस उनके खातों में लौट आए हैं। जिला पुलिस को ऑनलाइन धोखाधड़ी की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल को त्वरित कार्रवाई के

निर्देश दिए गए थे।

साइबर सेल ने एनसीआरपी (ठउफढ) पोर्टल की एमआरएम (टफट) प्रक्रिया के तहत तकनीकी जांच की और ठगी गई राशि जिन बैंक खातों में ट्रांसफर हुई थी, उन पर तत्काल होल्ड लगवा दिया। पुलिस की इस तत्परता से 12 पीड़ितों की गाढ़ी कमाई सुरक्षित बचा ली गई।

इन आवेदकों की राशि हुई वापस

पुलिस के त्वरित प्रयासों से अमोली माथुर, शुभम जैन, आयुश अग्रवाल, दीपा रघुवंशी, शैतान सिंह लोधा, अमन साहू, मनीषा शिवहरे, राधा पाटिल, अलबक्स आदिवासी, लखन शर्मा, यश श्रीमाल और राजकुमार अहिरवार की ठगी गई कुल 1,77,402 रुपये की राशि वापस कराई गई है। अन्य मामलों में भी राशि रिकवर करने के प्रयास जारी हैं।

पुलिस की अपील: साइबर ठगी होने पर तुरंत लें मदद

गुना पुलिस ने आमजन से अपील की है कि साइबर ठगी होने पर बिल्कुल घबराएं नहीं और तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं तथा अपने बैंक को भी तुरंत सूचित करें।

घटना के तुरंत बाद की गई शिकायत राशि को होल्ड कराने में बेहद मददगार साबित होती है। इस सफल कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह चौहान, आरक्षक कुलदीप यादव, भूपेंद्र खटीक, अभय रघुवंशी और महिला आरक्षक पूजा गुप्ता सहित अन्य पुलिस कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामला : पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, बरी

नवभारत न्यूज

गुना 7 अक्टू. का। फर्जी जाति प्रमाण पत्र के बहुचर्चित मामले में गुना के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा को हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच से बड़ी राहत मिली है। बुधवार को कोर्ट ने उन्हें इस मामले से बरी कर दिया। अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में पूरी तरह असफल रहा कि उन्होंने चुनाव लड़ने के लिए कोई फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाया था या दस्तावेजों की कूट रचना (फर्जीवाड़ा) कराई थी।

गुना विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। वर्ष 2008 के विधानसभा चुनाव में राजेंद्र सिंह सलूजा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। भाजपा प्रत्याशी का नामांकन खारिज होने के बाद पार्टी ने उन्हें समर्थन दिया था। उन्होंने सांसी समुदाय का जाति प्रमाण पत्र लगाकर आरक्षण का लाभ लिया और चुनाव जीतकर विधायक बने थे। चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा उनकी जाति पर सवाल उठाए गए और आरोप लगाया गया कि वे सामान्य वर्ग से हैं। अगस्त 2011 में जांच के बाद उनका जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया था। जाति प्रमाण पत्र रद्द होने के खिलाफ सलूजा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जो 2012 में खारिज हो गई थी। इसके बाद 2013 में उनकी रिव्यू पिटीशन भी खारिज कर दी गई, हालांकि तब तक वे अपने 5 साल का कार्यकाल पूरा कर चुके थे। मामले में नया मोड़ तब आया जब



2016 में तत्कालीन पार्षद वंदना मांडरे ने जनहित याचिका दायर कर मांग की कि फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर विधायक बनने के कारण उन्हें पेंशन व अन्य लाभ न दिए जाएं। हाईकोर्ट ने इस याचिका को द्वेषपूर्ण मानते हुए 2017 में खारिज कर दिया था और याचिकाकर्ता पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। अब लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद हाईकोर्ट ने उन्हें सभी आरोपों से मुक्त कर दिया है।

बलात्कार के मामले में राजीनामे के लिए धमकाने वाला लिस्टेड गुंडा गिरफ्तार

कुंभराज। थाने की पुलिस ने बलात्कार के एक प्रकरण में फरियादी पक्ष को धमकाकर राजीनामा करने का दबाव बनाने वाले एक शातिर और लिस्टेड गुंडे को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किया गया आरोपी अरुण उर्फ अन्टया (पुत्र रामस्वरूप अहिरवार, उम्र 24 वर्ष, निवासी साहू मोहल्ला, कुंभराज) एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ कुंभराज थाने में मारपीट, रंगदारी और गवाहों को धमकाने जैसी गंभीर धाराओं के तहत कुल 7 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। पुलिस रिकॉर्ड में उसका नाम 'गुंडा सूची' में भी शामिल है। गत 6 अक्टूबर 2026 को आरोपी अरुण अहिरवार ने अपने एक दोस्त अभिषेक अहिरवार (निवासी ग्राम पिपलिया) के खिलाफ दर्ज बलात्कार के गंभीर मामले में फरियादी पक्ष पर राजीनामा करने का दबाव बनाया और उन्हें डराया-धमकाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुंभराज थाना पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। बिना किसी विलंब के पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को धर दबोचा और वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

एसडीएम की अध्यक्षता में कृषि उपज मंडी में हुई समन्वय बैठक

गुना। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भारसाधक अधिकारी सुश्री मंजूषा खत्री ने कृषि उपज मंडी परिसर आरोन का निरीक्षण कर व्यापारियों, किसान संघ, तुलावटी संघ प्रतिनिधियों और मंडी कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की। बैठक में मंडी की आगामी व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और सभी पक्षों की समस्याओं का समाधान किया गया।

बैठक में मंडी परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, सड़क और स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, आगामी खरीदी के दौरान वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग के लिए परमानेंट लाइन मार्किंग कराने और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को ड्रेस कोड में रहने के निर्देश दिए गए। फसल की डाक नीलामी के लिए पर्याप्त स्टाफ और सुगम व्यवस्थाएं बनाने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा, व्यापारी संघ के उस प्रस्ताव पर सहमति जताई गई जिसके तहत तुलावटियों को एकसमान टी-शर्ट दी जानी है। सुरक्षा की दृष्टि से रात्रि के समय मंडी सचिव को दिए गए। फसल की डाक नीलामी के लिए पर्याप्त स्टाफ और सुगम व्यवस्थाएं बनाने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा, व्यापारी संघ के उस प्रस्ताव पर सहमति जताई गई जिसके तहत तुलावटियों को एकसमान टी-शर्ट दी जानी है। सुरक्षा की दृष्टि से रात्रि के समय पुलिस गश्त बढ़ाने और भावान्तर भुगतान योजना की जानकारी किसानों तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया। इस बैठक में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अमित जैन, मंडी सचिव रामकृष्ण लोधा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, किसान प्रतिनिधि, तुलावटी संघ के सदस्य और मंडी कर्मचारी उपस्थित रहे।

दशहरा तक मांस-मछली और अंडे की दुकानों पर प्रतिबंध लगाने की मांग

गुना। नवरात्रि से लेकर दशहरा तक गुना शहर में मांस, मछली, मटन और अंडे की दुकानों के संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की मांग उठी है। इस संबंध में शिवसेना के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र विश्वकर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नौदुर्गा पर्व के दौरान शहर में जगह-जगह भव्य धार्मिक आयोजन होते हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु आवागमन करते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं के प्रमुख मार्गों पर मांस, मछली, मटन और अंडों की खुली दुकानें संचालित होने से हिंदू समाज की धार्मिक आस्था और भावनाओं को ठेस पहुंचती है।

भागवत कथा :धूमधाम से मनाई गई गोवर्धन पूजा, उमड़े श्रद्धालु

कुंभराज। स्थानीय शिव टेकरी मंदिर के पास स्थित नामदेव धर्मशाला में आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा का प्रसंग बहुत ही धूमधाम के साथ सुनाया गया। व्यास पीठ पर विराजमान पंडित मनोज पारीक (भानपुरा वाले) के मुखारविंद से कथा का रसपान करने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है, जिसका सीधा प्रसारण 'दिव्य लोक' चैनल पर भी प्रसारित किया जा रहा है। कथा के पांचवें दिन व्यास जी ने पूतना वध, बकासुर, अघासुर, प्रलंभसुर के उद्धार और भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पूजा के

प्रसंग का बेहद सजीव और सुंदर वर्णन किया। कथा के दौरान पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। कथा के इस पावन अवसर पर कई विशिष्ट अतिथि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने कथा का श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इनमें खंडेश्वरी वाले गुरुदेव, पूर्व मंत्री शिवनारायण मीणा के पुत्र श्याम मीणा, हरी बहादुर सिंह मीणा (देहरी), पूर्व जनपद अध्यक्ष मर्दन सिंह मीणा, जनपद अध्यक्ष चाचौड़ा कमलाबाई मीणा, जनपद अध्यक्ष बमोरी रामस्वरूप मीणा और शिवनारायण मीणा विशेष रूप से पधारे। यह भव्य कथा आयोजन रमेश कुमार मीणा (पिता रामस्वरूप मीणा, बरखेड़ा वाले) एवं समस्त आमद्वार परिवार (बरखेड़ा) के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हो रहा है, जिसमें क्षेत्र के तमाम श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

विकसित भारत संकल्प के साथ निकाली सेवा ज्योति संकल्प यात्रा

गुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत बुधवार को जिला मुख्यालय के लक्ष्मीगंज में जिला स्तरीय 'विकसित भारत संकल्प सभा' का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रात: 9:45 बजे वर्चुअल माध्यम से देशवासियों को संबोधित करते हुए 'विकसित भारत ङ्क2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी से सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत उत्साह के साथ सुना। इस अवसर पर आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में विधायक गुना पन्नालाल शाक्य, विधायक चाचौड़ा प्रियंका पेंची, जिला

पंचायत अध्यक्ष अरविन्द्र धाकड़, जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविन्द्र गुप्ता, उपाध्यक्ष धरम सोनी, पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, पूर्व विधायक गोपीलाल जाटव, सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि अशोक शर्मा सहित तमाम जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। साथ ही कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक हितिका वासल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे समेत समस्त जिलाधिकारी और जिलेभर से आए हजारों नागरिक मौजूद रहे। अतिथियों के मंच पर आगमन के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद स्थानीय अतिथियों द्वारा 'सेवा ज्योति' प्रज्वलित कर क्षेत्र में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की गई थीं। शासन सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनसंपर्क विभाग की सहायक ग्रेड-03 अनुराधा, सुनील साहू और अन्य कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

लक्ष्मीगंज से भव्य 'सेवा ज्योति संकल्प यात्रा' का शुभारंभ हुआ। यह यात्रा सदर बाजार, निचला बाजार और हाट रोड से होते हुए हनुमान चौराहा पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में युवाओं, महिलाओं, विभिन्न जनप्रतिनिधियों, और स्वयंसेवी संस्थाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दी।

प्रतियोगिता | **महिला मंडल ने आयोजित की अनूठी प्रतियोगिताएं, तो सोशल ग्रुप के 'कौन बनेगा चैंपियन' ने बांधा समा**

महिला मंडल की अनूठी प्रतियोगिता, महाराजा अग्रसेन जयंती पर गूंजा उल्लास

नवभारत न्यूज

गुना। महाराजा श्री अग्रसेन जी की 5150वीं जयंती के पावन अवसर पर गुना में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। इसी कड़ी में अग्रवाल महिला मंडल द्वारा जाट मोहल्ला स्थित अग्रवाल धर्मशाला में महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। वहीं दूसरी ओर, अग्रवाल सोशल ग्रुप द्वारा नारायण गार्डन में 'कौन बनेगा चैंपियन-2' और 'तंबोला' (हाउजी) का रोमांचक मुकाबला आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

दोपहर ढाई बजे शुरू हुए महिला कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन

के साथ की गई। इस अवसर पर नवयुवक दल के अध्यक्ष अनिल बिंदल, महिला मंडल की अध्यक्ष नीलम बिंदल, सचिव स्वाति अग्रवाल सहित पूरी कार्यकारिणी उपस्थित रही। कार्यक्रम के तहत महिलाओं और बालिकाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए मुरली की तान, माखन की मिठास, कुकरी क्वीन, नवरात्रि सात्विक थाली, अलंकारिक मसाला मिस्ट्री, राम नाम कला सृजन और 'मेरी आस्था - मेरा सृजन' (सॉस से रंगोली) जैसी आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं में महिलाओं और बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, अग्रवाल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप मित्तल, सचिव अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल, उमंग उपाध्यक्ष जगमोहन बंसल, सह सचिव जुगल किशोर अग्रवाल, संग्राहक मनोज बिंदल, अग्रवाल सोशल ग्रुप अध्यक्ष पंकज वैश्य, सचिव वरुण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बिष्णु बंसल और उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल 'कमल' सहित तमाम गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

कौन बनेगा चैंपियन और तंबोला का खास आकर्षण

शाम 8 बजे नारायण गार्डन में अग्रवाल सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित 'कौन बनेगा चैंपियन-2' प्रतियोगिता का प्रारूप लोकप्रिय टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' की तर्ज पर रखा गया, जिसने सभी का ध्यान खींचा। इसके साथ ही विशेष उपहारों के साथ 'तंबोला' (हाउजी) का भी आयोजन किया गया।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी गुना जिला गुना म0प्र0

क्रमांक / री.1 / 2026 / 0075 / बी-121 / 2026-27 / 707 गुना दिनांक 06.10.2026

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कस्बा गुना पटवारी हल्का नं0 04 तहसील गुना नगर में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 1068 रकवा 0.460 हे0, सर्वे क्रमांक 1069/1 रकवा 0.486 हे0, 1070 रकवा 0.355 हे0, 1074/1 रकवा 0.384 हे0, 1074/2 रकवा 0.055 हे0, 1071 रकवा 0.920 हे0, 1072 रकवा 0.230 हे0, 1073 रकवा 0.063 हे0, 1117/4/1/2 रकवा 0.300 हे0, 1117/2/2/1 रकवा 1.045 हे0, 1119 रकवा 0.836 हे0, 1120 रकवा 1.244 हे0, 1121 रकवा 0.742 हे0, 1122 रकवा 1.745 हे0 कुल किता 14 कुल रकवा 8.865 हे0 भूमि पर पूर्व से भुजरिया तालाब स्थित है। जो कि जिल्दबदोवस्त संवत 2014 सन् 1956-57 से ही निजी खातेदारों के नाम दर्ज है। भुजरिया तालाब का शासन द्वारा जीर्णोद्धार कराया गया वर्तमान में यह तालाब गुना शहर के मध्य स्थित होकर जल स्त्रोत के रूप में तथा शहर का वाटर लेवल बढाने में भी अहम योगदान है। निजी खातेदारो से चर्चा उपरांत सभी खातेदार अपनी कस्बा गुना स्थित भूमि जो भुजरिया तालाब के रूप में उपयोग हो रही है उसके बदले विनिमय किसी अन्य भूमि से कराने हेतु तैयार है। इस हेतु ग्राम नेगमा पटवारी हल्का नं0 50 तहसील गुना ग्रामीण में स्थित भूमि सर्वे नं0 238/1/2/23 रकवा 42.663 हे0 में से रकवा 3.000 हे0 एवं सर्वे क्रमांक 239 रकवा 0.261 हे0 कुल किता 2 कुल रकवा 3.261 हे0 तथा ग्राम रानीगंज स्थित भूमि सर्वे नं0 112/4 रकवा 38.848 हे0 में से रकवा 5.604 हे0 कुल रकवा 8.865 हे0 नोईयत पठार है, से विनिमय किया जाना है।

अत: इस संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इस न्यायालय में विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजरने पर की गई आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

(शिवानी पाठक)
अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी गुना

परिशिष्ट बी- संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय गुना
षष्ठम जिला न्यायाधीश गुना

एमजेसी एसयूसी/30/2026
सुखतेज सिंह बनाम सर्वसाधारण
NEXT DATE : 12-11-2026

प्रेषिती-
सर्वसाधारण
पता - सर्व साधारणजन

यह कि प्रार्थी सुखतेज सिंह ने आपके विरूद्ध एमजेसी एसयूसी/30/2026 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 29-09-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(सुरेश कुमार सूर्यवंशी)
षष्ठम जिला न्यायाधीश
जिला गुना (म.प्र.)

टिप्पणी:-अधिक जानकारी वेबसाइट ecourts.gov.in अथवा मोबाइल एप eCourts Services (Android or iOS) से प्राप्त की जा सकती है।

कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।